कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बलरामपुर

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या-14/Admin 'D' Section दिनांकित 15.10.2022 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान बलरामपुर में निम्नलिखित पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति की जानी है -

क्रमांक	पदनाम	पदों की संख्या
1	दफ्तरी	01 पद
2	अर्दली	01 पद

उक्त हेतु जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, आवेदन कर सकते हैं।

यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिए (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाए अथवा प्रोन्नति या सीधी भर्ती से पद भर न जायें) की जाएगी।

पुनर्नियुक्ति सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अंतिम आहरित वेतन की धनराशि से वर्तमान पेंशन की धनराशि को घटाते हुए शेष धनराशि परिलब्धियों के रुप में देय होगी।

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप पर भरकर दिनांक 23.03.2026 को सायं 05:00 बजे तक इस अधिष्ठान के प्रशासनिक कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदक अपना आवेदन पत्र जरिए पंजीकृत डाक तथा इस अधिष्ठान की ई-मेल आई.डी. dcblr@allahabadhighcourt.in के माध्यम से भी प्रेषित कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

3/3/26

(उत्कर्ष चतुर्वेदी)
अध्यक्ष, सेलेक्टिंग अथारिटी/
जनपद न्यायाधीश,
बलरामपुर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

01. नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय बलरामपुर को इस न्यायिक अधिष्ठान तथा माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराए जाने हेतु।

02. जिला सूचना अधिकारी, बलरामपुर को उक्त विज्ञप्ति न्यूज आइटम के रुप में समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

03. केन्द्रीय नाजिर को इस न्यायिक अधिष्ठान में नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु तथा पूर्व में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को अपने स्तर से सूचित किये जाने हेतु।

3/3/26

अध्यक्ष, सेलेक्टिंग अथारिटी/
जनपद न्यायाधीश,
बलरामपुर।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बलरामपुर

न्यायिक अधिष्ठान, बलरामपुर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति
हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

नवीनतम स्वप्रमाणित फोटोग्राफ

01. आवेदित पद का नाम -

02. आवेदक का नाम (हिन्दी में) -

(अंग्रेजी में) -

03. पिता/पति का नाम -

04. जन्म तिथि -

05. सेवानिवृत्ति की तिथि -

06. सेवानिवृत्ति का स्थान -

07. अंतिम धारित पद का नाम -

08. आवेदन की तिथि पर आयु -

09. पत्र व्यवहार का पता -

10. स्थायी पता -

11. मोबाइल नं० -

12. ई-मेल आई.डी. -

दिनांक -

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है। उपर्युक्त सभी सूचनाएं मेरी निजी जानकारी में सही व सत्य हैं। यदि किसी भी स्तर पर उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी जाती हैं तो उसकी पूर्णरुपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

आवेदक के हस्ताक्षर